<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

<u>हिसार में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय विमानन हब के निर्माण हेतु भाविप्रा द्वारा हरियाणा सरकार की सहायता किया जाना।</u>

नई दिल्ली, 13 दिसंबर, 2017: भाविप्रा ने राज्य विशेषकर हिसार में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय विमानन हब के निर्माण हेतु हरियाणा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

श्र अशोक सांगवान, सलाहकार नागर विमानन, नागर विमानन विभाग (डीसीए), हरियाणा सरकार तथा श्री अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) ने अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में 11 दिसंबर 2017 को संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री अशोक सांगवान ने देश में नागर विमानन अवसंरचना तथा वायुक्षेत्र के सृजन, रखरखाव तथा प्रबंधन में भाविप्रा की भूमिका की सराहना की। श्री अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) भाविप्रा, ने राज्य में विश्वस्तरीय श्रेणी की नागर विमानन अवसंरचना के सृजन एवं विकास हेतु हरियाणा सरकार को सहयोग देने में भाविप्रा की वचनबद्धता को दोहराया।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए महाप्रबंधक (जनसंपर्क) का निम्नलिखित दूरभाष पर संपर्क करें : 9811521881,011-24622787

प्रैस विज्ञप्ति सं. 55/2017-18

श्री अशोक सांगवान, सलाहकार नागर विमानन, नागर विमानन विभाग (डीसीए), हरियाणा सरकार तथा श्री अनिल गुप्ता, महाप्रबंधक (व्यवसाय विकास) ने अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान करते हुए।